सुविचार

सर्वाधिक बुद्धिमान लोग समय की हानि से सबसे अधिक परेशान होते हैं।

-दांते एलघिएरी

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Priyanka Chopra's Mother Opens Up...

Ranchi ● Friday, 28 February 2025 ● Year : 03 ● Issue : 46 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	74,612.43
निफ्टी	:	22,545.05

SARAFA

सोना	:	8,185
चांदी	:	106.0

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

बजट सत्र के दूसरे चरण में पेश हो सकता है संशोधित वक्फ विधेयक

NEW DELHI : केंद्र सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक संसद के विचार के लिए ला सकती है। सूत्रों ने बताया कि 19 फरवरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बैठक में संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) द्वारा प्रस्तावित 14 संशोधनों को अपनी मंजूरी दी। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी की रिपोर्ट विपक्षी दलों के हंगामे और वाकआउट के बीच गत 13 फरवरी को संसद में पेश की गई थी।

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में चार नक्सली गिरफ्तार

SUKMA : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि सुकमा के चिंतलनार थाना क्षेत्र के रावगुड़ा गांव के जंगलों में सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों-रवा हड़मा (28), वेट्टी आयता (30), बारसे भीमा (25) और मड़कम कोसा (42) को गिरफ्तार किया है।

विस का बजट सत्र : प्रश्नकाल के दौरान भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह ने उठाया मुद्दा

मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि को लेकर विस में हंगामा

PHOTON NEWS @ RANCHI

गुरुवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्ष में जोरदार हंगामा किया। प्रश्नकाल के दौरान रांची विधायक सीपी सिंह ने मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अभिभाषण में गलत दावा किया कि योजना की राशि लाभुकों को मिल रही है, जबकि जनवरी और फरवरी की किस्त अब तक नहीं मिली है। सीपी सिंह ने सदन में विधवा महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 18 से 50 साल की आयु की विधवा महिलाओं को केवल एक हजार रुपये मिलते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी महिलाओं का क्या दोष है कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने यही सवाल विकलांग महिलाओं के लिए भी उठाया और सरकार से अपील की कि 18 से 50 साल की विधवा और विकलांग महिलाओं को भी मंईयां योजना का लाभ दिया जाए।

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दिया जवाब : इस पर नगर विकास मंत्री मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सीपी सिंह को नियमावली को पढ़ने की सलाह दी। विधायक सीपी सिंह के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि 15 मार्च तक मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि महिलाओं के खाते में डाल दी जाएगी। मंत्री ने सदन में सीपी सिंह के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि महिलाओं के खाते में जानी शुरू हो गई है। 15 मार्च तक बाकी बचे जितने किस्त हैं उसे महिलाओं के खाते में डाल दिया जाएंगे।

5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश

- विधवा महिलाओं को योजना का लाभ देने की आवश्यकता पर दिया जोर
- सरकार ने 15 मार्च तक भुगतान का दिया आश्वासन
- नगर विकास मंत्री मंत्री सुदिव्य कुमार ने सीपी सिंह को नियमावली पढ़ने की दी सलाह

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। इससे पहले, उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और वित्त लेखे भी सदन में प्रस्तुत किए। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को 176.48 लाख रुपये, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) को 241.34 लाख रुपये, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख रुपये, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को 180.75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग को 10471.61 लाख रुपये, पेंशन मद में 50,000 लाख रुपये, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख रुपये, खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख रुपये, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

विधानसभा में पेश कैग रिपोर्ट में हुआ खुलासा

झारखंड में चिकित्सा अधिकारियों और नर्सों की कमी

RANCHI @ PTI : गुरुवार को झारखंड विधानसभा में पेश की गई नवीनतम कैग रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन के लेखापरीक्षा में सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सों और पैरामेडिक्स की भारी कमी का पता चला है। रिपोर्ट में पाया गया है कि मार्च 2022 तक राज्य में चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों के 3,634 स्वीकृत पदों के मुकाबले 2,210 पद रिक्त थे, जो कुल क्षमता का लगभग 61 प्रतिशत है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा स्टाफ नर्सों के 5,872 स्वीकृत पदों के मुकाबले 3,033 पद तथा पैरामेडिक्स के 1,080 स्वीकृत पदों के मुकाबले 864 पद रिक्त हैं।

पूर्व सीएस एल खियांगते बने जेपीएससी के अध्यक्ष

PHOTON NEWS @ RANCHI : गुरुवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के नए अध्यक्ष के रूप में राज्य के पूर्व चीफ सेक्रेटरी एल खियांगते की नियुक्ति कर दी गई है। झारखंड सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने तुरंत मंजूरी दे दी। पिछले 6 महीने से जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने की वजह से बड़े पैमाने पर नियुक्तियां बाधित थीं।

प्रतियोगी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी लगातार जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग कर रहे थे। खियांगते झारखंड कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने 1987 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास की थी और 1988 में आईएएस अधिकारी बने थे। वे मिजोरम के आदिवासी समुदाय से आते हैं और उन्होंने इतिहास विषय में ग्रेजुएशन किया है।

महाकुंभ 'युग परिवर्तन की आहट' इसने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का दिया संदेश : पीएम मोदी

NEW DELHI @ PTI : गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को को 'युग परिवर्तन की आहट' करार दिया और कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है विकसित भारत का। महाकुंभ के पूर्ण होने पर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से साझा किए गए एक आलेख में प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और कहा, जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और सभी ने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। उन्होंने कहा, यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में, इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। बता दें कि महाकुंभ 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ था और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन इसका समापन हुआ।

- एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी 140 करोड़ देशवासियों की आस्था
- आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए नए सिरे से अध्ययन का विषय बन गया यह आयोजन
- 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ था महाकुंभ, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन हुआ समापन

सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया गंगा पूजन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 के सकुशल संपन्न होने पर गुरुवार को को यहां गंगा की विधि विधान से पूजा अर्चना की।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से अरैल में बने हेलीपैड पर उतरे और वहां से संगम गए जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता भी मौजूद थे। आदित्यनाथ ने गंगा की पूजा अर्चना के साथ ही गंगा आरती भी की और घाट वापस लौटते समय साइबेरियाई पक्षियों को दाना भी खिलाया।

H.G.E. GROUP EDU

BIRSA CHOWK, RANCHI

Govt. Valid | Admission | Low Fee

D.Pharma | D.Ed.

B.Ed | BAMS

Diploma (Civil) | ANM/GNM

10th/12th/B.A | DMLT/Dresser

FREE FOR FRANCHISEE

7294172049

SURAJ PUBLIC SCHOOL

An English Medium Co-ed. School Based on C.B.S.E. Pattern
Baby Nursery to Xth

Contact No. 9905297144

FREE ADMISSION OPEN

PRE - NURSERY TO CLASS - X

FEATURES:-

1. TRAINED TEACHER FOR ACADEMIC EXCELLENCE.
2. SMART CLASS FACILITY.
3. FREE COMPUTER CLASSES
4. FREE KARATE CLASS
5. TRANSPORT FACILITY.
6. A.I.S.O PREPARATION.
7. CO-CURICULAR DEVELOPMENT

Opp. Padosan Restaurant , Kathal More, Ranchi

टीएसपीसी का सदस्य 652 गोलियों के साथ गिरफ्तार

पलामू, लातेहार व चतरा जिले में दर्ज थे 12 आपराधिक मामले

पत्रकारों को जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन ● फोटोन न्यूज

AGENCY PALAMU : नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य उपेन्द्र भुइयां को पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल से गिरफ्तार किया है। इसके निशानदेही पर .315 एमएम की 652 गोली पुलिस ने बरामद की है। नक्सली उपेन्द्र सारे कारतूस को छुपाकर रखा था और संगठन के पास ले जाने के लिए दस्ता छोड़कर आया था। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में बताया कि उपेन्द्र भुइयां वर्ष 2021 से टीएसपीसी में सक्रिय था। इससे पहले वर्ष 2014 से टीएसपीसी के बाल दस्ता का सदस्य रहा था। टीएसपीसी के आक्रमण गंझू और शशिकांत के दस्ता में शामिल था। इसके खिलाफ पलामू, लातेहार और चतरा जिला मिलाकर 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। चतरा जिले में अफीम की खेती नष्ट करने के दौरान पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में उपेन्द्र शामिल था। इस घटना में दो पुलिसकर्मी शहीद हुए थे। एक दर्जन मामले दर्ज होने के बावजूद वह कभी जेल नहीं गया था। एसपी ने जानकारी दी कि कुछ समय पहले उसे 652 पीस जिंदा गोली छुपाकर रखने के लिए दिया गया था। उसे गिरफ्तार करने के बाद उसकी निशानदेही पर कोहबरिया जंगल में चट्टान की खोह में डालडा के पीले रंग के डब्बा में छुपाकर रखे गए सारे कारतूस बरामद किए गए। दस्ता छोड़कर कारतूस लेने आने के कारण उपेन्द्र के पास कोई हथियार नहीं था। उसने संगठन के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इसके लिए छानबीन तेज की गयी है। उपेन्द्र भुइयां मनातू थाना क्षेत्र के छोटकीनागद का रहने वाला है।

दो गुटों के बीच झड़प से बढ़ा तनाव पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील

इचाक प्रखंड के डुमरौन में तैनात पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

AGENCY HAZARIBAG : जिले के इचाक प्रखंड के डुमरौन में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद घटना स्थल पर पुलिस बल तैनात है। हालांकि इलाके में स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस प्रशासन ने पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिला पुलिस बल को तैनात किया गया है। इधर, घटना के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश संविधान से चलता है। इधर, पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति कुमारी ने बताया कि दोनों पक्षों से 45 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं दो सौ अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में कानून के तहत अग्रतर कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि डुमरौन गांव में लोहे के खंभे पर लाउडस्पीकर बांधने के विवाद में बुधवार को दो गुटों में झड़प हो गई थी। दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ था। पत्थरबाजी में लगभग छह लोग घायल हो गए थे। उपद्रवियों ने एक बोलेरो, छह बाइक, एक स्कूटी और साइकिल को आग के हवाले कर दिया था। इस दौरान सड़क पर खड़ी ऑटो को पलट दिया और एक बाइक को कुएं में डाल दिया गया था। घटना में आठ वाहन जलकर राख हो गए। घटना के बाद पुलिस उपद्रवियों को लगातार चिन्हित कर रही है।

जिला प्रशासन को डमी चेक प्रदान करते पीवीयूएनएल के पदाधिकारी

पतरातू में 1.76 करोड़ से बनेगी 50 सोलर स्वचालित जलमीनार

RAMGARH : रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में 1.76 करोड रुपए की लागत से 50 सोलर स्वचालित जल मीनार बनाया जाएगा। यह घोषणा रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को की है। पीवीयूएनएल की ओर से सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को 1.76 करोड रुपए की राशि दी गई।

इस राशि से आने वाली गर्मियों के मौसम में जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का काम होगा। पीवीयूएनएल के अधिकारियों की ओर से गुरुवार को डीसी चंदन कुमार को चेक सौंपा गया। डीसी ने पीवीवीएनएल के जरिये की गई इस पहल की सराहना की। पीवीयूएनएल की ओर से उपलब्ध कराई गई राशि से रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनारों का अधिष्ठापन कराया जाएगा। वहीं सोलर स्वचालित जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ की ओर से कराया जाएगा।

युवक ने खाया जहर तो अस्पताल में सिंदूर लेकर आई प्रेमिका, भराई मांग

दो वर्षों से चल रहा था प्रेम-प्रसंग, दोनों कुमारधुबी के रहने वाले

अस्पताल में विवाह करते प्रेमी-प्रेमिका ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS DHANBAD : प्रेम विवाह का अनोखा मामला एसएनएमएमसीएच में बुधवार को दिखा। कुमारधुबी निवासी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के वियोग में जहर खा लिया, जिसके बाद उसे एसएनएमएमसीएच के प्वाइजनिंग वार्ड में भर्ती कराया गया। प्रेमिका को जब इसकी सूचना मिली, तो वह भागते हुए अस्पताल पहुंची। वार्ड में भर्ती प्रेमी के पास पहुंची, साथ में सिंदूर लाई थी। उसने प्रेमी से अपनी मांग भरवा ली। दोनों ने जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने की कसमें भी खा लीं। अस्पताल में इस शादी की खूब चर्चा हो रही है। स्पताल में मौजूद मरीज, उनके परिजन, चिकित्सक-कर्मचारी इस अनोखी शादी के गवाह बने। शादी को लोगों ने मोबाइल में कैद किया, वीडियो भी बनाई। अस्पताल में हर किसी की जुबान पर यही चर्चा रही कि पहली बार अस्पताल में प्रेमी-युगल की शादी होते देखा है।

प्वाइनिंग वार्ड में भर्ती कुमारधुबी के आलोक और नेहा गुप्ता के बीच दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे। प्रेमी आलोक ने बताया कि उसने इसकी जानकारी अपने घर वालों को दी थी। मेरे घर वाले शादी के लिए तैयार थे। कहा कि उसी लड़की से शादी करा देंगे, लेकिन नेहा के घर वाले शादी के लिए राजी नहीं हो रहे थे। इस बीत नेहा का भाई लगातार धमकी देता था। वह लोग शादी के बिल्कुल खिलाफ थे। दो दिन पहले नेहा के स्वजन उसे लेकर धनबाद शहर आ गए थे। आलोक ने बताया कि नेहा के घरवालों को देखकर काफी दुख हो रहा था। इससे मैं काफी बेचैन होने लगा। इसके बाद आवेश में आकर जहर खा लिया। तबीयत खराब होने पर घर वालों ने एसएनएमएमसीएच में लाकर भर्ती करा दिया। शादी के बाद लड़के व लड़की दोनों के परिजन अस्पताल पहुंचे। दोनों की जिद के आगे परिजन भी कुछ बोल नहीं पा रहे थे।

ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनई नदी पर बना डाला 40 फीट लंबा बोरी-बांध

बांध के पास खड़े श्रमदान करने वाले ग्रामीण ● फोटोन न्यूज

KHUNTI : मुरहू के बिचना पंचायत अंतर्गत पेलौल गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को श्रमदान करके बनई नदी पर 40 फीट लंबा बोरी-बांध बना दिया। ग्रामसभा पेलौल और सेवा वेलफेयर सोसाइटी ने संयुक्त रूप से महज एक घंटे में गांव के बगल में बहने वाली बनई नदी पर बांध बना डाला। ग्रामसभा की बैठक के बाद सुबह सात बजे गांव के सभी 70 परिवार के एक-एक सदस्य हाथों में कुदाल, गैंता, बेल्चा आदि लेकर बनई नदी पहुंचे, जहां पहले से बोरियां रखी हुई थीं। जल संरक्षण और नदी को बचाने का जज्बा गांव के लोगों पर इस कदर हावी था, कि सात बजे बोरीबांध बनाने का काम शुरू किया गया और आठ बजे तक 40 फीट लंबा बोरीबांध बनकर तैयार हो गया। ग्रामप्रधान शिवशंकर मुंडा ने कहा कि बोरीबांध बनने के बाद गर्मी के दिनों में पानी की समस्या नहीं होगी। खेतों की सिंचाई के साथ ग्रामीण स्वयं नहाने धोने और मवेशियों को पानी पिला सकेंगे। प्रगतिशील किसान लक्ष्मण महतो ने कहा कि बोरीबांध बनने के कई फायदे गांव के लोगों को मिलेंगे। गांव का भूगर्भ जलस्तर भी ऊपर आएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि जिले में बोरीबांध निर्माण के लिए जिले के एसपी अमन कुमार और एपेक्स कंक्रीट इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, तुपुदाना, रांची के निदेशक विपिन कुमार सिंह द्वारा सीमेंट की खाली बोरियां उपलब्ध कराई गई।

बोरीबांध में श्रमदान करने वालों में ग्रामप्रधान शिवशंकर तिडू, लक्ष्मण महतो, प्रफुल्ल तिडू, जगन्नाथ रूंडा, दुर्गा स्वांसी, संदीप कंडुलना, नियारण संगा, मार्शल तिडू, समीर कंडुलना,सरजू महतो, अनिल रूंडा, पहलू स्वांसी, इलियस तिडू, गोमेया तिडू, मंगल बोदरा, आर्यन तोपनो, जोहन संगा, सालू तोपनो समेत अन्य ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

आज सुरूंदा में बनेगा बोरी-बांध : एसपी

ग्रामीणों द्वारा स्वयं अफीम की खेती खत्म करने के बाद जिला पुलिस द्वारा उन्हें वैकल्पिक खेती करने में सहयोग किया जा रहा है। जिले के एसपी अमन कुमार के द्वारा सेवा वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से ग्रामसभा सदस्यों को साथ लेकर शुक्रवार को सुरूंदा-मुरहू नाले पर चार से पांच बोरीबांध बनाया जाएगा। किसानों के बीच मूंग दाल के बीज भी वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र, खूंटी के अध्यक्ष सह वैज्ञानिक डॉ. दीपक राय समेत कृषि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

लातेहार में हथियार के साथ चार अपराधी हुए गिरफ्तार

पत्रकारों को जानकारी देते एसपी कुमार गौरव ● फोटोन न्यूज

AGENCY LATEHAR : लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों को मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अपराधियों में छिपादोहर थाना क्षेत्र के ओपाग गांव निवासी गौतम कुमार और देवबली कुमार सिंह, लातेहार के टेमकी की गांव निवासी साहिल अंसारी एवं मनिका निवासी रोहित सिंह शामिल है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक पिस्टल और गोलियां भी बरामद की है। गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल सिंह गिरोह के अपराधी निमार्णाधीन फोरलेन सड़क निर्माण के साइडिंग पर हिंसक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। जानकारी मिलने के डीएसपी भरत राम और थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाई। पुलिस को देखकर अपराधी अपने मोटरसाइकिल से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी रंगदारी वसूलने के लिए क्षेत्र में भय बनाना चाह रहे थे। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी इन्हीं अपराधियों के जरिये निर्माण कार्य स्थल पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से पिस्टल के अलावे चार जिंदा गोलियां, दो मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

बालू का अवैध परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टर जब्त प्राथमिकी भी हुई दर्ज

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय के निदेर्शानुसार गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को बालू का अवैध खनन व परिवहन करते 6 ट्रैक्टर जब्त किए गए। यह जांच अभियान 5 बजे सुबह बड़कागांव थाना क्षेत्र में किया गया। सभी ट्रैक्टर की ट्रॉली में बालू लदे थे। कार्रवाई के उपरांत कटकमदाग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। इससे पहले 24 फरवरी को बालू लदे 3 ट्रैक्टर एवं स्टोन चिप्स लदे 2 डंपर पकड़े गए थे।

अपहरण कांड में गालिब के खिलाफ जारी हुआ वारंट

● केरल हाई कोर्ट ने युवती को दिया पुलिस प्रोटेक्शन

RAMGARH : रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से अपहृत की गई युवती आशा वर्मा को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है। एसपी अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि अपहरण कांड संख्या 38/25 में पुलिस ने न्यायालय से वारंट मांगा था। न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। एसपी ने बताया कि आशा वर्मा के भाई रौनक कुमार वर्मा ने अपनी बहन के अपहरण कांड में चितरपुर, दर्जी मोहल्ला निवासी मो गालिब और उसके सहयोगियों के बारे में जिक्र किया था। वर्तमान समय में गालिब खान उर्फ राजा केरल राज्य के अलपुंझा जिला अंतर्गत कायमकुलम थाना क्षेत्र में मौजूद है। रामगढ़ पुलिस की टीम उस थाना क्षेत्र में पहुंची हुई है। न्यायालय से जारी वारंट भी टीम को भेज दिया गया है। स्थानीय पुलिस के सहयोग से गालिब को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। आशा वर्मा के केस में शामिल अधिवक्ता जया एस लता ने बताया कि गुरुवार को हाई कोर्ट केरल में सुनवाई हुई। आशा वर्मा ने बालिग होने के साथ अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई थी। हाई कोर्ट ने उसे पुलिस सुरक्षा मुहैया करने का आदेश दिया है। कोर्ट में बहस के दौरान यह मुद्दा उठाया गया कि आशा वर्मा को अपहृत कर झारखंड के रामगढ़ जिले से केरल के अलपुंझा जिले में लाया गया है। लेकिन आशा ने खुद यह स्पष्ट किया कि वह अपनी मर्जी से यहां आई है। वह बालिग है और अपने फैसले खुद ले सकती है। वह अपनी मर्जी से मो गालिब के साथ केरल आई थी।

घाटशिला कॉलेज व साहित्य कला फाउंडेशन ने कराया युवा कॅरियर पर व्याख्यान

30 प्रतिशत अध्ययन व 70 फीसद अनुभव ही सार्थक बनाता है जीवन : नवीन चौधरी

कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व आयोजक तथा व्याख्यानमाला में उपस्थित प्रतिभागी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS GHATSILA : अगर हम अपने जीवन का सम्यक विश्लेषण करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि पाठ्यक्रम या प्रशिक्षकों के माध्यम से हम अपने जीवन में केवल 30 प्रतिशत ही सीख पाते हैं, जीवन का अनुभव हमें 70 प्रतिशत सीखना है। इसलिए अगर हमें अपने कॅरियर में सफल होना है और जीवन में पूर्णता प्राप्त करनी है तो अध्ययन और अनुभव का समावेश करना होगा। हम क्या बनना चाहते हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं है, हम किसी और की उपलब्धि को अपना आदर्श बनाकर अगर स्वयं को विकसित करने की चेष्टा करेंगे, तो वह उपलब्धि हासिल नहीं हो पाएगी, जो हम चाहते हैं हमें तो खुद से बेहतर होना है। खुद से ही प्रतियोगिता करनी है। आज से अधिक कल करूंगा, इसके बारे में सोचना है। उक्त बातें देश के जाने-माने कॅरियर सलाहकार और 'खुद से बेहतर' शीर्षक वाली कॅरियर काउंसलिंग पुस्तक के लेखक नवीन चौधरी ने गुरुवार को घाटशिला कॉलेज में युवा कॅरियर पर आयोजित व्याख्यान में कहीं। उन्होंने घाटशिला कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कॅरियर काउंसिलिंग की टिप्स दिए। चौधरी के दो उपन्यासों की भी काफी चर्चा है। 'ढाई चाल' और 'जनता स्टोर', इन उपन्यासों में भी इन्होंने राजनीति, मीडिया आदि को इसके प्रभाव और संजाल के माध्यम से समझने की चेष्टा की है।

अभी तय नहीं कर सकते, 5 साल बाद क्या होगा : डॉ. अशोक झा

डॉ. अशोक कुमार झा ने बच्चों को कॅरियर की अनिश्चिता के संबंध में बताते हुए कहा कि आज हम अगर अपना पाठ्यक्रम पूरा करते हैं तो कल निश्चित रूप से जो भी कार्य का अवसर होगा, उसमें हम अपने हिस्से का बेस्ट कर पाएंगे। कल कंप्यूटर का क्रेज था, आज एआई का क्रेज है, कल नहीं रहेगा। सीमा पर पहले जवानों की जरूरत होती थी, अब रोबोट की जरूरत हो रही है, तो नौकरियों के अवसर बदलते रहेंगे। नौकरियां जरूर रहेंगी, परंतु क्षेत्र बदल जाएंगे। इसलिए आज 5 साल आगे की बात सोच कर निर्णय नहीं ले सकते हैं।

रक्तदान के लिए सम्मानित किए गए डॉ. बीके सिंह

इस कार्यक्रम में कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ. बीके सिंह को 146 बार रक्तदान करने पर सम्मानित किया गया। साहित्य कला परिषद व घाटशिला कॉलेज के संयोजक डॉ. संदीप चंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया और साथ में मिलकर और भी कई कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। कॅरियर काउंसिलिंग के कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कोल्हान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव एवं घाटशिला कॉलेज के राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष प्रो. इंदल पासवान ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

प्रश्नोत्तर सत्र में दिखी जिज्ञासा

हिंदी विभाग के डॉ. दिलचंद राम ने खुद से बेहतर पुस्तक में अंग्रेजी शब्दावलियों के प्रयोग पर लेखक से प्रश्न पूछा और यह जानना चाहा की हिंदी की पुस्तक होते हुए अंग्रेजी के 13 पारिभाषिक शब्दों का उपयोग किया जाना कितना उचित है, जबकि पूरे टिप्स ही 15 हैं। नवीन चौधरी ने इसका जवाब देते हुए बताया कि यह साहित्य की पुस्तक नहीं है, यह कॅरियर की पुस्तक है और इसमें प्रचलित शब्दों के साथ ही बच्चे अपना तादात्म्य जोड़ पाते हैं। इसके हिंदी पारिभाषिक शब्द और भी कठिन हैं। कई बच्चों ने कॅरियर से संबंधित प्रश्न किए।

प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने जताया संस्था का आभार

साहित्य कला फाउंडेशन और घाटशिला कॉलेज की साहित्य कला परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने नवीन चौधरी के साथ उपस्थित विशिष्ट अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ. बीके सिंह और एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य एवं जाने-माने साहित्यकार डॉ. अशोक कुमार झा तथा साहित्य कला फाउंडेशन के ट्रस्टी ब्रजेश कुमार मिश्र का अंगवस्त्र भेंट किया। स्वागत करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की, कि घाटशिला कॉलेज के अनुशासित छात्र-छात्राएं कॅरियर काउंसिलिंग के टिप्स प्राप्त कर उसे अपने जीवन में धारण करेंगे और लाभ उठाएंगे। उन्होंने साहित्य कला फाउंडेशन के ब्रजेश मिश्र का स्वागत करते हुए कहा कि उनके साथ मिलकर महाविद्यालय परिवार साहित्य और कला के क्षेत्र में कई कार्यक्रमों का आयोजन करने का अवसर प्राप्त करेगा, जिससे छात्रों में साहित्य के प्रति रुचि में वृद्धि होगी।

समय-समय पर सेंटर विजिट करें, स्थिति बताएं : उपायुक्त

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में बेहतर व प्रशंसनीय कार्य करने पर बधाई दी। तत्पश्चात उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को समय-समय पर सेंटर विजिट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सेंटर विजिट कर वहां की व्यवस्था, रखरखाव, शौचालय, पानी, बिजली आदि की स्थिति पर रिपोर्ट दें। आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेषकर शौचालय और पानी कार्यात्मक है कि नहीं इसे रिपोर्ट में मेंशन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि बहुत सारे आंगनबाड़ी केंद्रों का मॉडर्नाइजेशन किया गया है और अभी भी आंगनबाड़ी केंद्रों में काफी मेहनत करने की जरूरत है। आने वाले समय में कई नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाना है।

BRIEF NEWS

अवैध बालू लदा हाइवा सहित तीन वाहन जब्त, तीन अरेस्ट

RANCHI : गुरुवार को बेड़ो पुलिस ने अवैध बालू सप्लाई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बारीडीह गांव के पास से एक अवैध बालू लदे हाइवा को जब्त किया। पुलिस की निगरानी कर रहे दो अन्य वाहनों को भी पुलिस ने सीज कर लिया। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बारीडीह गांव के पास से एक अवैध बालू लदा हाइवा गुजरने वाला है, जिसे सुरक्षित पार कराने के लिए बोलेरो और टाटा सूमो गोल्ड द्वारा रेकी की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर वाहनों को रोक लिया और मौके पर ही हाइवा के चालक सहित रेकी कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को बेड़ो थाना लाकर उनके खिलाफ अवैध खनन और परिवहन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे अवैध खनन या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

जतरा स्थल की भूमि पर अतिक्रमण का ग्रामीणों ने किया विरोध

RANCHI : गुरुवार को ओरमांझी प्रखंड के ग्राम पंचायत बर्वे में आदिवासियों के जतरा स्थल की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। इस जमीन को हस्तांतरित भी कर दिया गया है। इसे लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं। इस बीच ओरमांझी प्रखंड के आंचल अमीन एवं कर्मचारी और अंचल निरीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर जमीन की नापी की, जिसमें यह जमीन खतियानी दर्ज है। ग्रामीणों का मानना है कि यह जमीन हमारे पूर्वजों ने संरक्षित कर रखा था। लेकिन, भूमाफिया की मिलीभगत से इस जमीन को बेचा जा रहा है। इसे बचाने के लिए ग्रामीण एकजुट हैं। इस मौके पर आदिवासी सरना समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मुंडा, ग्रामीण नेता अजय उरांव, संदीप उरांव, दिगंबर मुंडा, प्रतीत कच्छप, पवन उरांव, मुखिया अनीता लिंडा और किशोर नायक समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

कल से शुरू होगी दो दिवसीय आध्यात्मिक आराधना

RANCHI : संत पॉल्स कैथेड्रल पास्टोरेट समिति, सीएनआई चर्च के तत्वावधान में संत पॉल्स हाई स्कूल मैदान में दो दिवसीय आध्यात्मिक आराधना 1 मार्च से शाम 5 बजे से शुरू होगी, जो 2 मार्च तक चलेगी। गुरुवार को सीएनआई चर्च के प्रोग्राम कन्वीनर और ट्रेजरर आईजक रक्षित, पुरोहित एस। डेविड, असिस्टेंट पुरोहित जस्टिन भुईया, सहायक पुरोहित सुनिल एमानुएल भुईया, सहायक पुरोहित विकास कुजूर और जोहन भेंगरा ने मीडिया को संबोधित किया।

सिस्टम में सुधार के लिए नगर विकास विभाग को भेजा गया है प्रस्ताव

सफाई के लिए 200 नई गाड़ियां खरीदने की तैयारी में नगर निगम

VIVEK SHARMA @ RANCHI : रांची नगर निगम शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाने जा रहा है। नगर निगम ने सफाई कार्यों के लिए 200 नई गाड़ियां खरीदने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे नगर विकास विभाग को भेजा गया है। वर्तमान में रांची नगर निगम के पास कुल 350 गाड़ियां हैं, जिनके द्वारा शहर की सफाई की जा रही है। लेकिन इन गाड़ियों की संख्या और उनकी कार्य क्षमता अब शहर की बढ़ती आबादी और बढ़ते कचरे के निपटान की जरूरतों के मुकाबले पर्याप्त नहीं रह गई है। ऐसे में नई गाड़ियों के आने से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

लगातार बढ़ रहा है लोड

नगर निगम पर लगातार बोझ बढ़ रहा है। घरों की संख्या भी बढ़ रही है। शहर का विस्तार भी किया जा रहा है। ऐसे में नए प्रस्ताव के तहत रांची नगर निगम शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 200 नई गाड़ियां खरीदने की योजना बना रहा है। इन गाड़ियों के आने से निगम की सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। नई गाड़ियां खरीदने का उद्देश्य सफाई के काम को गति देना और कचरा प्रबंधन को और बेहतर बनाना है। इन गाड़ियों का इस्तेमाल सड़कों की सफाई, कचरा उठाने और शहर को साफ-सुथरा रखने में किया जाएगा।

- चकाचक होगी राजधानी, पहले से 350 गाड़ियों का किया गया है इंतजाम
- सफाई के लिए नई एजेंसी भी खरीद रही 150 गाड़ियां

सफाई व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा

रांची नगर निगम के अधिकारी इस बात का दावा कर रहे हैं कि इस योजना से शहर की सफाई व्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी। एक तरफ जहां 200 नई गाड़ियां नगर निगम द्वारा खरीदी जाएंगी, वहीं दूसरी ओर 150 गाड़ियां नई एजेंसी द्वारा लाई जा रही हैं। इस प्रकार कुल 350 नई गाड़ियां सफाई कार्य में जुड़ जाएंगी, जिससे सफाई के काम में तेजी आएगी और पूरे शहर को चकाचक किया जा सकेगा। वहीं पहले से चल रही निगम की 350 गाड़ियों से हर दिन शहर साफ होगा।

एजेंसी को हैंडओवर किए गए हैं सभी वार्ड

रांची नगर निगम ने सफाई कार्य में एक नई एजेंसी को शामिल किया है। यह नई एजेंसी स्वच्छता कॉरपोरेशन 150 नई गाड़ियां लेकर शहर में सफाई का काम करेगी। एजेंसी को सभी वार्ड हैंड ओवर कर दिया गया है। ऐसे में इन गाड़ियों के साथ-साथ नई एजेंसी शहर में सफाई की गुणवत्ता और प्रबंधन को बेहतर करने के लिए कई अन्य कदम उठाएगी। एजेंसी के आने से यह उम्मीद जताई जा रही है कि शहर में सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा और शहर के हर कोने में सफाई का स्तर बेहतर होगा।

पुरानी गाड़ियों को किया जा रहा ईवी में कनवर्ट

नया प्रस्ताव नगर निगम की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो रांची को एक साफ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने की दिशा में एक और प्रयास है। रांची की बढ़ती आबादी और लगातार बढ़ते कचरे के दबाव को देखते हुए यह योजना बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान वार्ता के क्रम में राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व के दिन हजारीबाग में घटित हिंसा की घटनाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। इसके अलावा, राज्यपाल महोदय ने राज्य में पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शीघ्र नियमावली गठित करने के लिए भी कहा।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते झारखंड में फिर बदलेगा मौसम

RANCHI : पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य में शुक्रवार से फिर से मौसम में बदलाव होगा। रांची मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव उत्तर भारत में बर्फबारी के कारण होगा। इसका असर राज्य के कई जिलों में दिखाई देगा, जिसमें उत्तर-पश्चिम जिले पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा शामिल है। इन जिलों में शुक्रवार को हल्की बारिश होने की संभावना है। इन इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात भी होने की आशंका है। मौसम में यह बदलाव एक मार्च को भी देखने को मिलेगा। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.1, जमशेदपुर में 31.1, डालटेनगंज में 30.6 और बोकारो में अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

आरोपियों ने पिछले दिनों अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए दाखिल की थी याचिका

जेपीएससी सिविल सेवा घोटाला : सीबीआई कोर्ट ने की 10 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

- कोर्ट ने हरिबंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, प्रवीण रोहित कुजूर एवं बिजय कुमार सहित अन्य को अग्रिम जमानत देने से कर दिया इनकार
- आज अदालत सुनाएगी अपना सुरक्षित आदेश

पूर्व मंत्री सरयू राय को कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

RANCHI : गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में आरोपित पूर्व मंत्री व जदयू विधायक सरयू राय को कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के पश्चात पिछले सप्ताह अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला गुरुवार को सुनाया। विधायक सरयू राय ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 13 फरवरी को अर्जी दाखिल की है। मामले में एमपी/एमएलए की विशेष कोर्ट ने पिछले दिनों दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए उन्हें समन जारी किया था। अब कोर्ट ने संबंधित कोर्ट में उपस्थित होकर सरेंडर कर जमानत लेने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है क पूर्व मंत्री ने कोरोना काल में गोपनीय दस्तावेजों के आधार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

PHOTON NEWS @ RANCHI : जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के आरोपितों को सीबीआई कोर्ट से झटका लगा है। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को 10 आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने हरिबंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, प्रवीण रोहित कुजूर एवं बिजय कुमार सहित अन्य को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपितों ने पिछले दिनों अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। वहीं अजय सिंह बड़ाईक की याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 28 फरवरी को सुनाएगी। जबकि सीमा सिंह एवं मोहन लाल मरांडी की याचिका पर मार्च के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी। इससे पूर्व अदालत अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं साधना जयपुरिया की याचिका खारिज कर चुकी है। मामले में अब तक 32 आरोपियों ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इसमें से 10 आरोपितों की याचिका खारिज हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई कोर्ट ने मामले में 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों सहित 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया था।

दो हॉस्पिटलों को निगम की टीम ने दिया होल्डिंग टैक्स जमा करने का निर्देश

PHOTON NEWS @ RANCHI : गुरुवार को रांची नगर निगम की राजस्व शाखा की टीम ने निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए कई प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की। इस दौरान सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में निगम की टीम ने वार्ड नंबर 35 स्थित देवकमल अस्पताल और वार्ड नंबर 33 स्थित सिटी ट्रस्ट अस्पताल की जांच की। जांच में पाया गया कि दोनों अस्पतालों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की चतुर्थ तिमाही तक भुगतान किया है, लेकिन वे पूर्ण होल्डिंग के उपभोग के अनुसार भुगतान नहीं कर रहे थे। इसके अलावा दोनों अस्पतालों के परिसर की मापी की गई, जिसमें क्षेत्रफल में अंतर पाया गया। सहायक प्रशासक ने दोनों अस्पतालों को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कर होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने का निर्देश दिया।

दोनों संस्थानों ने दी थी गलत जानकारी
3 दिनों का मिला है अल्टीमेटम

मापी के दौरान पकड़ी गई गलती

देवकमल अस्पताल द्वारा पहले 15376.80 वर्ग फुट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, लेकिन मापी के बाद यह क्षेत्रफल 25959 वर्ग फुट पाया गया। इसी तरह सिटी ट्रस्ट अस्पताल ने 22710 वर्ग फुट का क्षेत्र निर्धारित किया था, जबकि मापी में यह क्षेत्रफल 66775 वर्ग फुट पाया गया। इस पर सहायक प्रशासक ने दोनों अस्पतालों को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराने और होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने का निर्देश दिया। जांच टीम में सहायक प्रशासक के अलावा नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता और एजेंसी के कर संग्रहकर्ता शामिल थे।

सेंट्रो मॉल ने भरा 12 लाख टैक्स

रांची नगर निगम की टीम ने पिछले दिनों जांच में सेंट्रो मॉल को लेकर कार्रवाई की थी। 15 फरवरी को निगम की टीम ने सेंट्रो मॉल की जांच की थी और प्रबंधन को री-असेसमेंट कराने के साथ होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने का निर्देश दिया था। इसके परिणामस्वरूप 25 फरवरी को सेंट्रो मॉल ने निगम को लगभग 12 लाख रुपये का भुगतान किया, जिसमें पेनल्टी भी शामिल थी। इस भुगतान के बाद मॉल ने अपने टैक्स का समायोजन कर लिया।

हिंदुओं की सुरक्षा में विफल है राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS @ RANCHI : बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने महाशिवरात्रि के दिन हजारीबाग में हुई हिंसक घटना को लेकर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। कहा कि झारखंड सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल हुई है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब हजारीबाग में हिंदुओं के पर्व त्योहार पर हिंसा हुई है। मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर हिंदुओं के पर्व त्योहारों में सुनियोजित हमलेबाजी को नहीं रोका गया, तो सनातन हिंदू समाज अपने धर्म, अपने संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम है। मरांडी ने झारखंड पुलिस से अपील की कि वे हजारीबाग के हिंसक घटना में शामिल सभी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

आइडियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एजुकेशन दलादली में लैंप सेरेमनी का हुआ आयोजन

PHOTON NEWS @ RANCHI : आइडियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एजुकेशन, दलादली रांची ने बीएससी नर्सिंग के चौथे बैच, एएनएम और जीएनएम के छठे बैच के छात्रों के लिए लैंप सेरेमनी आयोजित किया। इस समारोह में 120 नर्सिंग छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन समारोह की शुरूआत छात्र, संकाय सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने की। मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि समशेर आलम, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग और विशेष अतिथि अर्चना तिग्गा मुखिया सपरोम भी मौजूद थे। इसके अलावा डॉ. धेम्मा पीटी पूर्व रजिस्ट्रार जेएनआरसी और डिवाइन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल के अलावा अन्य मौजूद थे। आइडियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एजुकेशन के निदेशक डॉ. माजिद आलम ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल जे एंजेलिन ने दीप प्रज्वलन समारोह के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह समारोह हमारे छात्रों के पेशेवर बनने की यात्रा का प्रतीक है। हम विश्वास रखते हैं कि वे स्वास्थ्य सेवा में सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित इरफान अंसारी व अन्य ● फोटोन न्यूज

राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की मुख्यमंत्री आज करेंगे शुरुआत

PHOTON NEWS @ RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में करेंगे। इस योजना के लाभुकों और उनके आश्रितों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाएगा। दिव्यांग आश्रितों को आजीवन इस योजना का लाभ मिलेगा। लाभुकों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक की अतिरिक्त सीमा अर्थात कुल 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बीमा राशि से अधिक खर्च होने पर कॉरपस फंड द्वारा भुगतान किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में राज्यकर्मी और सेवानिवृत्त कर्मियों का दुर्घटनाग्रस्त अथवा मरणासन्न स्थिति में तत्काल उच्चतर संस्थान में उपचार के लिए रेफर किए जाने की स्थिति में एयर एम्बुलेंस एवं वायुयान यात्रा की सहायता दी जाएगी। विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी उपस्थित रहेंगे।

आरोप | हजारीबाग हिंसा पर भाजपा हुई आक्रामक, हेमंत सरकार पर साधा निशाना

पांच वर्षों की नीतियों और सोच का परिणाम है हिंसा : अजय साह

PHOTON NEWS @ RANCHI

हजारीबाग जिले के इचाक में महाशिवरात्रि के दिन हुई हिंसा को लेकर भाजपा ने गुरुवार को राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस हिंसा को सिर्फ एक दिन की घटना नहीं, बल्कि पिछले पांच वर्षों की नीतियों और सोच का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि यह हिंसा झारखंड को भीतर से कमजोर करने की लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है, जो कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की तुष्टिकरण नीति के कारण बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और जेएमएम की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति राज्य में अराजकता का कारण बन रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जबरन स्कूलों को शुक्रवार को बंद करवाना, अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देना, स्लीपर सेल को राजनीतिक संरक्षण देना, आदिवासी लड़कियों को ह्यलव जिहाद का शिकार बनाना, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे संगठनों का विस्तार और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण को बढ़ावा देना इस नीति का हिस्सा हैं। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में मुस्लिम तुष्टिकरण की कई घटनाओं का जिक्र किया, जिनसे राज्य की सांप्रदायिक स्थिति खराब हो रही है।

हिंसा झारखंड को भीतर से कमजोर करने की लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है, जो कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की तुष्टिकरण नीति के कारण बढ़ी है।

रांची में भी हुआ था दंगा

अजय साह ने यह भी कहा कि 2022 में रांची में हुए दंगे को लेकर सरकार अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। उन्होंने कहा कि राजधानी में दिनदहाड़े उपद्रव हुआ था, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था। ये घटनाएं यह संकेत देती हैं कि उपद्रवियों को यह आभास है कि राज्य सरकार उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगी, जिससे उनका मनोबल बढ़ रहा है।

दोषियों की पहचान लेकिन कार्रवाई नहीं

हजारीबाग हिंसा पर उन्होंने हैरानी जताई कि जबकि दोषियों की पहचान स्पष्ट हो चुकी है, सरकार के एक मंत्री हिंदू समाज को परोक्ष रूप से धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि झारखंड सरकार अपनी तुष्टिकरण की नीतियों को तुरंत नहीं बदलती, तो राज्य उपद्रवियों के नियंत्रण में चला जाएगा। अजय साह ने कहा कि भाजपा राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए किसी भी कदम से पीछे नहीं हटेगी।

झारखंड में बढ़ रहे आतंकवादी संगठन

अजय साह ने आगे कहा कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति ने झारखंड में आतंकवादी संगठनों को बढ़ने का अवसर दिया है। उन्होंने राज्य में अल-कायदा के आतंकवादी संगठन के विस्तार का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार के किसी भी मंत्री ने डॉ इशितयाक अहमद के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जो राज्य में अल-कायदा को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार हुआ था। इससे यह साफ होता है कि राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति से आतंकी संगठन भी लाभान्वित हो रहे हैं।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन का महाधिवेशन शुरू, आज होगा चुनाव

PHOTON NEWS @ RANCHI : झारखंड पुलिस एसोसिएशन का दो दिवसीय महाधिवेशन गुरुवार से प्रारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आईजी अनूप बिरथरे, डीआईजी नौशाद आलम सहित एसोसिएशन के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। डीजीपी ने पुलिस अफसरों को यह भरोसा दिलाया और वादा किया कि झारखंड पुलिस में जो भी प्रमोशन के काम बाकी हैं उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। डीजीपी ने कहा कि राज्य में सैकड़ों की संख्या में पुलिस अफसर और कर्मी मौजूद हैं, जिनकी समस्याओं को एक-एक कर के सुनना बड़ा ही कठिन काम है। ऐसे में झारखंड पुलिस एसोसिएशन और मेंस एसोसिएशन दो ऐसे संगठन हैं जिनके जरिए हम पुलिस अफसरों और कर्मियों की समस्याओं से अवगत होते हैं और फिर उन्हें दूर करने का प्रयास करते हैं। डीजीपी ने नए चुनाव के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि जो लोग भी चुनकर आएं अपने साथियों के हित के लिए आगे काम करें। महाअधिवेशन के दौरान वर्तमान अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सहित तमाम संगठन के पुलिस पदाधिकारियों ने डीजीपी के सामने अपनी कई मांगें रखी और पुलिस कल्याण के लिए उनके सहयोग की आकांक्षा जताई।

समाचार सार

टीएसी के सदस्य बने जगत माझी व सोनाराम सिंकू

CHAIBASA : जनजातीय सलाहकार परिषद (टीएसी) का पुनर्गठन किया गया है, जिसके 19 सदस्यीय कमेटी में मनोहरपुर के विधायक जगत माझी व जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू सदस्य बनाए गए हैं। जनजातीय सलाहकार परिषद (टीएसी) को आदिवासियों की मिनी विधानसभा भी कहा जाता है। परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं।

जगत माझी

सोनाराम सिंकू

परिषद राज्य में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उनसे संबंधित विषयों पर निर्णय लेती है। नवगठित टीएसी में पदेन उपाध्यक्ष विभागीय मंत्री चमरा लिंडा होंगे। इसके अलावा कमेटी में विभिन्न दलों के विधायकों को शामिल किया गया है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी बतौर सदस्य शामिल हैं। गौरतलब हो कि विधायक जगत माझी को कुछ दिनों पूर्व झारखंड विधानसभा की लोक-लेखा समिति के सदस्य के रूप में भी स्थान दिया गया है।

विधानसभा में उठा आहर-बांध का मुद्दा

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने गुरुवार को विधानसभा में कराईकेला स्थित आहर-बांध के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बंदगांव प्रखंड में 70 एकड़ में फैला आहर-बांध समय-समय पर गहरीकरण नहीं होने से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इस तालाब से चक्रधरपुर प्रखंड तक कृषि होती है। इस पर संबंधित विभाग के मंत्री ने कहा कि योजना के सर्वेक्षण, बजटीय प्रावधान और निधि की उपलब्धता को देखते हुए आगामी वर्षों में जीर्णोद्धार कराया जा सकेगा।

मृत मजदूर के परिवार से मिले विधायक प्रतिनिधि

GHATSILA : भादूडीह गांव का निवासी गणेश हांसदा बेंगलुरु में काम करने गया था। 53 वर्षीय गणेश हांसदा की 26 फरवरी को जयनगर, बेंगलुरु में निधन हो गया था। मंत्री रामदास सोरेन के प्रयास से मृतक का शव हवाई मार्ग से गुरुवार को रांची लाया गया, फिर रांची से भादूडीह लाया गया। मंत्री ने अपने प्रतिनिधि जगदीश भकत को शोकाकुल परिवार से मिलने का निर्देश दिया था। भकत ने मृतक की पत्नी ललिता हांसदा एवं पुत्री अंजलि हांसदा सहित परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मृतक के परिवार को सरकार की ओर से समुचित योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

बच्चों को दी गई पाठ्य सामग्री व उपहार

JAMSHEDPUR : छोटागोविंदपुर के सुंदरहातू स्थित बिरसा प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को अक्षर फाउंडेशन की ओर से छात्र-छात्राओं को पाठ्य साम्री व उपहार भेंट किए गए। संगीतमय स्ववेंद कथामृत के प्रवर्तक पूज्य संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के ज्येष्ठ सुपुत्र अक्षर देव का जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, पेंसिल बॉक्स, टिफिन बॉक्स, चॉकलेट, बिस्कुट, बॉल व पानी की बोतल वितरित की गई।

बांधडीह गांव में 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन

GHATSILA : प्रखंड के कालचिति पंचायत अंतर्गत बांधडीह गांव में 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन चल रहा है। इसमें गुरुवार को जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू भी शामिल हुईं। इस मौके पर पुरुलिया व मेदिनीपुर से भी कीर्तन मंडली भाग ले रही है। संकीर्तन सुनने के लिए दूरदराज से लोग पहुंच रहे हैं। संकीर्तन को सफल बनाने में माधव महतो, दुर्लभ मन्ना, शत्रुघ्न सिंह, मंगल गोराई, कृष्ण कैबर्त, गौरांग नामाता, मनोहर सिंह, फूलचंद भुईयां, मुचीराम सिंह, काशीनाथ मन्ना, राधानाथ गोराई, हीरालाल मन्ना, अभी कैबर्त, जयदेव सिंह समेत अन्य श्रद्धालु सक्रिय हैं।

कांग्रेस ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर को सौंपी जिम्मेदारी

CHAIBASA : विधायक दल के नेता प्रदीप यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में प्रदेश प्रभारी के. राजू के निदेर्शानुसार मंत्रियों व विधायकों को प्रमंडलवार दायित्व सौंपा गया है। इसमें विधायकों को दो-दो जिला का दायित्व सौंपा गया है। जो प्रतिमाह संबंधित प्रमंडल तथा जिलों में जिला कमेटी की बैठक में भाग लेंगे और संगठन को ग्रासरूट तक ले जाने का काम करेंगे।

फर्जी भर्ती गिरोह का हुआ भंडाफोड़

सेना समेत कई विभागों में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

पत्रकारों को फर्जीवाड़े की जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR : बिष्टुपुर थाना की पुलिस ने सेना, रेलवे, आरपीएफ और एफसीआई समेत केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चास थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी निवासी मनीष कुमार उर्फ अभय कुमार, पश्चिम बंगाल के आसनसोल नॉर्थ का दिनेश कुमार, कसमार थाना क्षेत्र के बगदा गांव का दीपराज कुमार भट्टाचार्य और टांगटोना बगियारी गांव का मंतोष कुमार महली शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से इंडियन आर्म्ड फोर्सेज का फर्जी आईडी कार्ड, जिसमें चीफ इंजीनियर की मुहर लगी हुई थी, एक आधार कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एक पैन कार्ड, एक बिना नंबर प्लेट की सफेद वैगन-आर कार, भारतीय सेना की फर्जी पिस्टल और 30 गोली बरामद की है।

कैसे हुआ मामले का खुलासा : एसएसपी किशोर कौशल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस मामले में बिष्टुपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। लखनऊ स्थित मिलिट्री इंटेलिजेंस ने भी जांच करने के लिए कहा था। इसके बाद सीसीआर-डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई। टीम ने इस गिरोह का पदार्फाश करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक की मौत जांच में जुटी पुलिस

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में मनोहरपुर प्रखंड के जराईकेला थाना क्षेत्र के रायकापाट के टुंगरीटोला गांव के पास बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात अमित टूटी मनोहरपुर से अवैध तरीके से ट्रैक्टर पर बालू लेकर जा रहा था। इसी दौरान जराईकेल थाना अंतर्गत रायकापाट के टुंगरीटोला के पास बालू लदे ट्रैक्टर का डाला अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे अमित टूटी की ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आकर घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक ट्रैक्टर का इंजन खोल कर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी परिजनों को मिली, तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। शाम तक ट्रैक्टर मालिक का पता नहीं चल पाया। जराईकेला थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



रंग-बिरंगी रोशनी से सज रहीं सड़कें

टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की जयंती के लिए जुबिली पार्क समेत पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इसकी बानगी गुरुवार को कदमा-सोनारी लिंक रोड पर कुछ इस तरह दिखी। शाम होते ही जब लोग इस सड़क से गुजरते समय एकबारगी ठिठक जा रहे थे। हर कोई इस खूबसूरत नजारे को अपने मोबाइल में कैद कर रहा था। ● फोटोन न्यूज

बर्मामाइंस थाने से महज 50 मीटर दूर सीआरपीएफ जवान के बंगले में चोरी

PHOTON NEWS JSR : बर्मामाइंस थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित बंगला नंबर-12बी में चोरी हो गई। यह बंगला सीआरपीएफ जवान मनीष कुमार तिवारी का है, जो अपने परिवार के साथ यहां रहते हैं। 5 फरवरी को मनीष तिवारी अपने परिवार संग उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ स्थित गांव गए थे। गुरुवार को जब वे लौटे, तो पाया कि उनके घर में चोरी हुई है। तिवारी के अनुसार, चोरों ने 25 हजार रुपये नकद समेत करीब तीन लाख रुपये के कीमती सामान चुरा लिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिलहाल इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। बावजूद इसके, थाने से महज कुछ कदम की दूरी पर हुई इस चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

चोरी के बाद बिखरे सामान देखते परिवार के लोग ● फोटोन न्यूज

बाइक से गिर कर युवक की मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला के मंझारी प्रखंड में भरभरिया गांव निवासी 22 वर्षीय बादल रिमिल बिरूवा की बाइक से गिर कर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात को बादल चाईबासा से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में तांतनगर में उलीडीह के पास बाइक समेत गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद किसी ने देखा तो उसे देर रात में ही सदर अस्पताल चाईबासा लाया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गुरुवार की सुबह सदर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने भेजा। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया।

चाकुलिया की मॉब लिंचिंग के बाद प्रशासन हुआ अलर्ट

घाटशिला के प्रखंड कार्यालय में बैठक करतीं बीडीओ युनिका शर्मा

GHATSILA : चाकुलिया में 21 फरवरी की रात को ग्रामीणों ने बकरी चोरी के आरोप में 2 युवकों को पीट-पीटकर मार दिया था। इसे लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में मॉब लिंचिंग रोकने के लिए गुरुवार को बैठक हुई। इसमें बीडीओ युनिका शर्मा ने कहा कि सभी पंचायत के मुखिया अपने द्वारा माइकिंग के माध्यम से मॉब लिंचिंग रोकने के लिए प्रचार-प्रसार करें। इसके साथ ही किसी भी तरह की अफवाह पर भीड़ जुटती है, तो प्रशासन के साथ पंचायत प्रतिनिधि तथा ग्राम प्रधान आगे जाकर पहल करें। उन्होंने कहा कि वाट्सएप ग्रुप पर भी कोई अफवाह फैलाता है, तो उस ग्रुप के एडमिन उस संदेश को रोकें और ग्रुप के सदस्य को चेतावनी दें, नहीं तो ग्रुप एडमिन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस पर अपने विचार रखे। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर बैद्यनाथ कुमार, थाना प्रभारी मधुसूदन दे, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, प्रमुख सुशीला टुडू, उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल सहित मुखिया तथा ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

डीआरएम, खड़गपुर ऑफिस में एसयूसीआई का प्रदर्शन

खड़गपुर में रेल मंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते लोग

